



# बड़ौदा क्षेत्र में कलेक्टर ने लिया फसल क्षति का जायजा

**किसानों के साथ खेतो में पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया, हल्का वार कराया जा रहा सर्वे, मॉनीटरिंग के लिए जिला स्तर से अधिकारी भी नियुक्त**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 28 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने बारिश से धान की फ्सल में क्षति आंकलन के लिए आज बडौदा क्षेत्र के ग्रामों का भ्रमण कर फसलों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होने किसानों के साथ खेतो में पहुंचकर धान की फसल को पहुंचे नुकसान का आंकलन किया तथा किसानों को विश्वास दिलाया कि नुकसान का पूरा मुआवजा प्रदान किया जायेगा। इसके लिए सर्वे का कार्य शुरू कर दिया गया है तथा सर्वे की मॉनीटरिंग के लिए जिला स्तर से 140 अधिकारी पटवारी हल्कावार नियुक्त किये गये है। अधिकारियों से प्रतिदिन की रिपोर्ट ली जा रही है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने बडौदा क्षेत्र के बोरदादेव एवं कलमुण्डा ग्रामों में खेतो में पहुंचकर फसल में हुए नुकसान का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होने किसानों को ढांढस बंधाते हुए विश्वास दिलाया कि जिन किसानों की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है, उन्हें शत प्रतिशत मुआवजा दिया जायेगा। उन्होने किसानों को शासन एवं प्रशासन की ओर से पूरी मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा कि नुकसान का पूरा मुआवजा प्रदान किया जायेगा, इसके लिए सर्वे शुरू कर दिया गया है।

इस दौरान उन्होने दर्जनभर से अधिक खेतो पर पहुंचकर धान की फसल में हुए नुकसान का अवलोकन किया और राजस्व अमले को निर्देश दिये कि खेतो में पानी भर जाने से धान नीचे गिर गई है और खलीहानो में रखी धान जो पानी में डूब गई है, उनका शत प्रतिशत मुआवजा प्रदान किया जाये।

भ्रमण के दौरान तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा, नायब तहसीलदार सुरेश राठौर, आरआई दिव्यराज धाकड, सर्वे के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी विक्रम जाट आदि स्थानीय अमला मौजूद रहा।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने लगातार हो रही बारिश के बीच ग्राम बोरदादेव एवं कलमुण्डा आदि क्षेत्र में पहुंचे और किसानों के खेतों पर जाकर बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेते हुए किसानों से चर्चा की गई। इस दौरान उन्होने ग्राम कलमुण्डा एवं बोरदादेव में किसान जुगराज मीणा, प्रभुलाल मीणा, शभूं मीणा, कैलाश मीणा, गिर्राज मीणा सहित अन्य किसानों के खेतो में पहुंचकर फसल क्षति का आंकलन किया।

**140 अधिकारी सर्वे के लिए नियुक्त**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा धान की फसल में बारिश से हुए नुकसान के आंकलन हेतु पटवारी हल्कावार 140 अधिकारी जिला स्तर से नियुक्त किये गये है। इन अधिकारियों द्वारा गांव में पहुंचकर पटवारी एवं पंचायत सचिवों तथा आरएईओ आदि के माध्यम से किये जा रहे सर्वे कार्य की मॉनीटरिंग की जा रही है। अधिकारियों को प्रतिदिन की रिपोर्ट देने के निर्देश दिये गये है।

# आंगनबाड़ी केन्द्र बंद पाए जाने पर नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 28 अक्टूबर।** व्यवस्थाओं को लेकर आंगनबाडी केन्द्रों के सतत् रूप से निरीक्षण किये जाने संबंधी निर्देशो के क्रम में प्रभारी सीडीपीओ कराहल श्रीमती सुषमा सोनी द्वारा आदिवासी विकासखण्ड कराहल के आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बंद मिले आंगनबाडी केन्द्रों की कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है।

श्रीमती सुषमा सोनी ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान आंगनबाडी केन्द्र बंद पाये जाने पर आंगनबाडी केन्द्र शाहपुरा बंजारा बस्ती की कार्यकर्ता श्रीमती तनुजा बंजारा एवं सहायिका श्रीमती राधा, निमोदामठी-बी की कार्यकर्ता श्रीमती बादाम मारू, निमोदामठ की कार्यकर्ता श्रीमती कलावती आदिवासी, पिपरानी-ए की सहायिका श्रीमती बिंदिया आदिवासी, कपूरा की कार्यकर्ता श्रीमती बिलासी बाई एवं सहायिका श्रीमती नटी बाई, कपूरा मिनी की कार्यकर्ता श्रीमती संतोषी रावत, गोठरा-बी कार्यकर्ता श्रीमती किरमिला बाई एवं सहायिका श्रीमती किर्ती बाई, बूढा गोठरा की कार्यकर्ता श्रीमती मिथलेश जाटव, सरारी-ए की कार्यकर्ता श्रीमती गुलाब बाई एवं सहायिका श्रीमती रामदुलारी बाई, परतवाडा-ए की कार्यकर्ता श्रीमती प्रयाग बाई एवं सहायिका श्रीमती सुकमा बाई, परतवाडा-बी की कार्यकर्ता श्रीमती प्रेमलता कुशवाह एवं सहायिका श्रीमती मुन्नी कुशवाह को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है।

## युवा संगम का आयोजन 31 को

**श्योपुर, 28 अक्टूबर।** शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय आईटीआई, ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत स्थित निषादराज भवन श्योपुर में 31 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक किया जायेगा। इस युवा संगम में विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों और कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा सेल्समैन, आफिस वर्कर, एग्रीकल्चर सेक्टर, बीमा मार्केटिंग, ऑटो मोबाइल, एलआईसी अभिकर्ता सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर, कम्प्युटर ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की जायेगी। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए योग्यता 5वीं पास से लेकर स्नातक तक जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष है शामिल हो सकते हैं।

# बर्धा खुर्द में स्वास्थ्य शिविर आयोजित 56 रोगियों को मिला उपचार

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 28 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा गत दिनों बैठक के दौरान दिये गये निर्देशो के क्रम में आयुष विभाग द्वारा विभिन्न औषधालयों पर स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे है, इसी क्रम में आज कराहल विकासखण्ड के ग्राम बर्धा खुर्द में स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर होम्योपैथी कराहल के तत्वाधान में आयोजित शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ कौशल श्रीवास्तव द्वारा 56 रोगियों की जांच कर उनका उपचार किया गया। शिविर में 13 पुरूष रोगी एवं 43 महिला रोगियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर बीमारी अनुसार निशुल्क दवाएं प्रदान की गई। इसके साथ ही ग्रामीणों के बीपी, शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई। शिविर के माध्यम से उच्चरक्तचाप, मधुमेह, उदर रोग, संधिवात, आमवात, मूत्ररोग, अनिद्रा, अर्श विभिन्न मौसमी बीमारियां जैसे सर्दी, खांसी, ज्वर, वायरल संक्रमण, दस्त, टाइफाइड, त्वक रोग, एलर्जी, पेटदर्द, सिरदर्द, गले में खराश, आंखों में जलन आदि के मरीजों का उपचार किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को योग प्राणायाम, दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहारचर्या, औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी गई।








# अपने दायित्व का निर्वहन आनंद के साथ करें : डॉ . उपाध्याय

**श्योपुर विकास खंड में आयोजित हुआ एक दिवसीय अल्पविराम कार्यकम, 70 शासकीय सेवकों ने की सहभागिता**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 28 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में एक दिवसीय अल्पविराम परिचय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया।

राज्य आनंद संस्थान एवं जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसीईओ जिला पंचायत डॉ अजय उपाध्याय ने कहा कि शासकीय सेवको को अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी के साथ करना चाहिए जिससे आप भी खुश रहें और लोगों के जीवन में भी खुशहाली आए इसके लिए आपको काम करना चाहिए और हमारे जीवन को आनंदित तरीके से जीना चाहिए।

उन्होने कहा कि यह प्रशिक्षण मानवीय मूल्यों को विकसित करने में अत्यंत कारगर है जिसके माध्यम से हम जीवन जीने की कला सीखते है। इसलिए आवश्यक है कि सभी कर्मचारी राज्य आनंद संस्थान की इस पहल के साथ जुड़कर अपने जीवन में हो रहे परिवर्तन को महसूस करें और जीवन को सकारात्मक बनाने हेतु लगातार अल्पविराम लेते रहे और तनाव प्रबंधन के माध्यम से जीवन के तनाव को व्यवस्थित कर जीवन को आनंद की ओर बढ़ाएं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रवज्जलन के साथ की गई। कार्यक्रम में महिला बाल विकास से 15 आंगनवाड़ी कार्यकता, पुलिस विभाग से 10 आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक शिक्षा विभाग से 10 तथा पंचायत एवं ग्रामीण विभाग से 19 पंचायत सचिव रोजगार सहायक व जल संसाधन विभाग से 5 और स्वास्थ्य विभाग से 5 कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया, आभार प्रदर्शन जन अभियान परिषद की जिला संमन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने किया। उक्त कार्यकम के दौरान राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर राजा खान, प्रदीप मुदगल एवं जन अभियान परिषद के बंटी राजावत, महेंद्र मारू आदि उपस्थित रहें।

# तम्बाकू के दुष्प्रभावों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 28 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बडौदा में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान बीएमओ डॉ. राघवेंद्र भदौरिया ने कार्यक्रम का संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और जहर के समान है। तंबाकू में निकोटीन नामक तत्व पाया जाता है, जो व्यक्ति में लत उत्पन्न करता है। इसके अलावा तंबाकू में लगभग 60 प्रकार के जहरीले रसायन पाए जाते हैं, जो कैंसर का प्रमुख कारण बनते हैं।

डॉ. भदौरिया ने बताया कि तंबाकू सेवन से मुख कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, आंतों का कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि इससे न केवल शारीरिक हानि होती है, बल्कि आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है क्योंकि इलाज में भारी खर्च होता है। इस अवसर पर उन्होंने समस्त स्टाफ से अपेक्षा की कि कोई भी स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी तंबाकू का सेवन नहीं करेगा और न ही अस्पताल परिसर में किसी अन्य व्यक्ति को इसकी अनुमति देगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल एक सार्वजनिक स्थल है जहाँ कोटपा एक्ट की धारा 4 के तहत तंबाकू सेवन पूर्णत: वर्जित है। यदि कोई व्यक्ति अस्पताल परिसर में तंबाकू सेवन करता हुआ पाया गया, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी तथा 200 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

# ग्राम पंचायत गावड़ी की शासकीय गौशाला की शिकायत पर जांच

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 28 अक्टूबर।** शासकीय गौशाला ग्राम पंचायत गावड़ी का आज पशुपालन एवं एनआरएलएम के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में डॉक्टर जी. एस. गहलोत, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी विजयपुर एवं बृजेश शर्मा, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एनआरएलएम शामिल रहे।

**सभी गोवंश सुरक्षित पाए गए**



उप संचालक पशुपालन डॉ आरके त्यागी ने बताया कि टीम के भ्रमण के दौरान गौशाला में कोई भी मृत गोवंश नहीं पाया गया, दो गोवंश बीमार अवस्था में पाये गये, जिनमें एक गौशाला के अंदर और एक बाहर परिसर में थे, दोनों बीमार गोवंशों का मौके पर ही उचित उपचार किया गया तथा बाहर वाले बीमार गोवंश को गौशाला के अंदर करवाया गया।

गौशाला संचालक को निर्देशित किया गया कि बीमार गोवंशों की उचित देखभाल एवं नियमित उपचार सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि इन दोनों बीमार गोवंशों का 26 अक्टूबर 2025 को भी पशुपालन विभाग की चलित इकाई टीम द्वारा उपचार किया गया था। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि गौशाला में सभी गोवंशों को नियमित रूप से भूसा खिलाया जा रहा है और कोई भी गोवंश भूखा नहीं रखा जा रहा है।

# खाद्यान पर्ची जनरेट करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 28 अक्टूबर।** जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए खाद्यान पर्ची जनरेट करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। जनसुनवाई के दौरान कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान वार्ड नंबर 14 कमालखेडी श्योपुर निवासी हरिओम माहौर की ई-केवायसी कराकर खाद्यान पर्ची जनरेट करने के निर्देश खाद्य विभाग के अधिकारियों को दिये गये। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा दिव्यांग बाबूलाल बैरवा निवासी कंडेल बाजार श्योपुर के मोटराईज्ड ट्राइसिकल प्रदाय किये जाने संबंधी आवेदन पर सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को पात्रता परीक्षण कर एलिम्को के माध्यम से मोटराईज्ड ट्राइसिकल प्रदाय किये जाने की प्रक्रिया कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा पीएम आवास योजना अंतर्गत आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश संबंधितों को दिये गये।






# उपचार के लिए 5 हजार की सहायता

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 28 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा ग्राम नगदी निवासी हरि सिंह पुत्र भगोली आदिवासी को रेडक्रॉस के माध्यम से 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव श्री दुबोलिया भी उपस्थित थे।

**आदिवासी पीड़िता का चल रहा है उपचा, आर्थिक स्थिति है कमजोर**

हरि सिंह आदिवासी ने बताया कि उसकी पत्नि श्रीमती नैनो आदिवासी बीमारी से पीडित है, जिसका उपचार चल रहा है, वर्तमान में आर्थिक स्थिति कमजोर है।

इस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

# एचयूआरएल यूरिया की रैक से किसानों को मिली 715 मैट्रिक टन उर्वरक

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 28 अक्टूबर।** किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एचयूआरएल कंपनी की यूरिया रैक मंगलवार को शिवपुरी रैक प्वाइंट पर पहुंची, जिससे जिले को 715 मैट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ। जिसमें 04 डबल लॉक गोदाम को 275 मै. टन, 02 मार्केटिंग सोसायटी को 225 मै. टन एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं को 215 मै.टन यूरिया प्राप्त हुआ। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार इसका वितरण 29 अक्टूबर बुधवार को संबंधित डबल लॉक केंद्र, मार्केटिंग सोसायटी एवं निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर किया जाएगा।

**मार्केटिंग सोसाइटी एवं निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों के माध्यम से होग वितरण**

मार्कफेड शिवपुरी को 50 मै.टन, मार्कफेड करैरा को 25 मै.टन, मार्कफेड पोहरी को 75 मै.टन एवं मार्कफेड पिछोर को 125 मै.टन यूरिया आवंटित हुआ। विपणन सहकारी संस्था बैराड़ को 75 मै.टन तथा विपणन सहकारी संस्था मार्केटिंग खनियांधाना को 150 मै.टन यूरिया उपलब्ध कराया गया। निजी विक्रेताओं के माध्यम से भी किसानों तक यूरिया पहुँचाने की व्यवस्था की गई है। इसमें धाकड खाद बीज भण्डार (प्रो. रवि धाकड) शिवपुरी को 7.5 मै.टन, धाकड खाद बीज भण्डार (नरेंद्र धाकड) शिवपुरी को 7.5 मै.टन, विक्रम खाद बीज भण्डार शिवपुरी को 7.5 मै.टन, कार्तिक बीज भण्डार शिवपुरी को 7.5 मै.टन, अनन्या खाद बीज भण्डार शिवपुरी को 7 मै.टन, जनता एग्रो एजेंसी शिवपुरी को 10 मै.टन, अजय पटेल ट्रेडर्स भौंती को 45 मै.टन, पाठक ट्रेडर्स भौंती को 25 मै.टन, बबलू ट्रेडिंग कंपनी भौंती को 25 मै.टन, अवधेश कुमार गुप्ता सिरसौद को 25 मै.टन, अग्रवाल इंटरप्राईजेज करैरा को 20 मै.टन एवं अल्का एजेंसी बामौरकलां को 30 मै.टन यूरिया आवंटित किया गया है।